verified
Hemangini Meher
27/02/2020

# DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
## ANNUAL EXAMINATION, 2019-20
## CLASS - VII
## SUBJECT - LOWER HINDI

**TIME - 3 HRS.** **F.M. - 80**

**सामान्य निर्देश:-**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क,ख,ग एवं घ।
- प्रश्न पत्र पढ़ने से पहले जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में 12 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए, जो प्रश्न-पत्र में दिया गया है।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
- प्रश्न पत्र में दिए गए शब्द-सीमा का ध्यान रखें।

### खंड - 'क'

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1x5=5

संतुलित आहार लेने मात्र से हम एनीमिया से बचे रह सकते हैं, यह कहना काफ़ी हद तक सही है। यों तो एनीमिया बहुत से कारणों से हो सकते हैं, किंतु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है। इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारण है पेट में कीड़ों का हो जाना। ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। अतः इससे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम पूरी सफ़ाई से बनाए गए खाद्य पदार्थ को ग्रहण करें। भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें और साफ़ पानी ही पिएँ। और हाँ, एक किस्म के कीड़े भी हैं, जिनके अंडे ज़मीन की ऊपरी सतह में पाए जाते हैं। इन अंडों से उत्पन्न लार्वे त्वचा के रास्ते शरीर में प्रवेश कर आँतों में अपना घर बना लेते हैं। इनसे बचने का सहज उपाय है कि शौच के लिए हम शौचालय का ही प्रयोग करें और इधर-उधर नंगे पैर न घूमें।

**(क)** भारतवर्ष में एनीमिया का मुख्य कारण क्या है ?

**(ख)** पेट में कीड़ों के होने के क्या कारण हैं ?

**(ग)** नंगे पैर घूमने से क्या होता है ?

**(घ)** एनीमिया से बचने के कोई दो उपाय लिखिए।

**(ङ)** गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

## खंड - 'ख'

2. (क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए। 1x2=2

(i) रानी (ii) श्रीमान

(ख) नीचे लिखे शब्दों में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए। 1x2=2

(i) केलेवाला (ii) दुकानदार

(ग) नीचे दिए गए वाक्यों में सही विराम-चिह्न लगाइए। 1x2=2

(i) तुम क्या पढ़ रहे हो

(ii) मोहन सैर करने गया है

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। 1x3=3

(i) जो सोने-चाँदी के गहने बनाए

(ii) जो काम से जी चुराए

(iii) जो वन में रहे।

(ङ) नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए। 1x3=3

(i) सब्ज़ी (ii) रोटी (iii) घड़ा

(च) निम्नलिखित शब्दों से पहले सही विशेषण लगाइए। 1x2=2

(i) ________ पेड़ (ii) ________ राजा

(छ) निम्नलिखित मुहावरों के सही अर्थ लिखिए । 1x2=2

(i) खटिया पकड़ना (ii) हाथों के तोते उड़ना

(ज) निम्नलिखित शब्दों के सही विलोम शब्द लिखिए । 1x2=2

(i) स्वदेश (ii) अंधकार

(झ) नीचे दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त काल का नाम लिखिए। 1x2=2

(i) वे महलों की बात कर रहे हैं।

(ii) बारिश ज़रूर होगी।

## खंड - 'ग'

3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1x5=5

बैठ गया वह पीठ फिराकर, चित्रकार की ओर।
चित्रकार चुपके से खिसका, जैसे कोई चोर।।
बहुत देर तक आँख मूँदकर, पीठ घुमाकर शेर।
बैठे-बैठे लगा सोचने, इधर हुई क्यों देर।।
झील किनारे नाव लगी थी, एक रखा था बाँस।
चित्रकार ने नाव पकड़कर, ली जी भरके साँस।।

जल्दी-जल्दी नाव चलाकर, निकल गया वह दूर।
इधर शेर था धोखा खाकर झुंझलाहट में चूर।।
शेर बहुत खिसियाकर बोला, नाव ज़रा-सी रोक।
कलम और कागज़ तो ले जा, रे कायर डरपोक।।
चित्रकार ने कहा तुरंत ही, रखिए अपने पास।
चित्रकला का आप कीजिए, जंगल में अभ्यास।।

(क) शेर पीठ फिराकर क्यों बैठ गया?

(ख) शेर को गुस्सा क्यों आ गया?

(ग) चित्रकार ने अपनी जान कैसे बचाई?

(घ) चित्रकार ने शेर से क्या कहा?

(ङ) पद्यांश के कवि का नाम लिखिए।

4. **पठित पाठों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** 1x4=4

(क) गाँधी जी शांति का ........... करने के लिए पैदल यात्रा कर रहे थे।

(ख) हीरक हिरन भी उसे अपनी पीठ पर बिठाकर ............ वन में घुमाता।

(ग) वास्तव में .............. का मौसम लोगों में नया जीवन, नई उमंग भर देता है।

(घ) स्कूल में छात्राएँ ............. के साथ रहती थीं।

5. **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए।** 1x3=3

(क) चौपट (ख) रोज़मर्रा (ग) आभास

6. **सही जोड़े बनाइए।** 1x4=4

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | पत्थर | (i) | धोबी |
| (ख) | मंगलू | (ii) | मीरा बहन |
| (ग) | मिठास | (iii) | गरमी और बरसात |
| (घ) | दक्षिण भारत | (iv) | कोयल |

7. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** 1x4=4

(क) गाँधी जी ने मनु को पत्थर खोजने के लिए कहाँ भेजा?

(ख) अम्मा दीदी को संग लेकर कहाँ गई थी?

(ग) लकड़हारा लकड़ियाँ काटकर क्या करता था?

(घ) स्वाति का शहर के स्कूल में दाखिला क्यों करवाया गया?

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए।** 2x4=8

(क) लोमड़ी ने हीरक का विश्वास जीतने के लिए क्या किया?

(ख) बादल कैसे बनते हैं?

(ग) पन्ना हमेशा चूल्हे की ही बात क्यों करती थी?

(घ) माँ ने कोयल को क्या-क्या सिखाया है?

9. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 35-40 शब्दों में लिखिए ।** 3x4=12

(क) हिरन शिकारियों के जाल से कैसे आज़ाद हुआ?

(ख) ब्रज की होली की क्या विशेषता है?

(ग) बारिश आने पर आप क्या-क्या करते हैं?

(घ) विषैली गैस का चोरों पर क्या असर हुआ? विषैली गैस से हमें दूर क्यों रहना चाहिए?

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) सच्चे मित्र में कौन-कौन से गुण होते हैं? आप अपनी मित्रता कैसे निभाते हैं? 3

**अथवा**

जो बच्चे पढ़ नहीं पाते उन्हें किस प्रकार की परेशानियाँ आती होंगी?

(ख) होली मनाते समय आप क्या-क्या सावधानियाँ बरतेंगे? 2

**अथवा**

अगर हम मेहनत न करें तो क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं?

## खंड - 'घ'

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

(क) खेलों का महत्त्व

(ख) अनुशासन का महत्त्व

(ग) मेरा प्रिय त्योहार

12. आपको सबसे अच्छा मौसम कौन-सा लगता है? उस मौसम में आप क्या-क्या करते हैं? यह बताते हुए अपनी नानी को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

समय पर स्कूल न पहुँचने पर कक्षा अध्यापिका को प्रार्थना पत्र लिखिए।

*******